an>

Title: Regarding reported issue of putting bar on students to sing National Anthem on Independence day in a school at Saidabad in Allahabad, Uttar Pradesh.

डॉ. किरीट सोमैया (मुम्बई उत्तर पूर्व) : अध्यक्ष महोदया, परसों इलाहाबाद, शाहिदाबाद में जो घटना घटी, उसके प्रति मैं आपके द्वारा सरकार और सदन का ध्यान आकर्Âिषत करना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): अध्यक्ष महोदया, यह बहुत गंभीर मामला है। ...(व्यवधान)

डॉ. किरीट सोमैया : शहीदाबाद स्कूल में राÂष्ट्रगीत, 15 अगस्त को जन-गण-मन कहने के ऊपर उस स्कूल प्रशासन ने, उनके जो मालिक जियाउल हक हैं, उन्होंने प्रतिबंध कर दिया। इसके पहले वंदेमातरम पर प्रतिबंध कहा था, सरस्वती वन्दना के ऊपर प्रतिबंध लगाया था।

8 शिक्षकों और प्रिंसिपल को त्यागपत्र देना पड़ा। आज अगस्त क्रान्ति को 75 वर्ष हो गए हैं। प्रधान मंत्री जी चन्द्रशेखर आजाद के गांव गए हैं। श्री वैंकैय्या नायडू मुम्बई के क्रान्ति मैदान गए हैं। मैं आपके द्वारा अहलुवालिया जी से प्रार्थना करना चाहूंगा कि इस प्रकार की घटना भविष्Âय में कभी न हो, इस संबंध में सरकार को निर्णय लेना चाहिए।...(व्यवधान) इस प्रकार की जो घटना घटी है, उस बारे में मैनेजमैंट पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए, यह मेरी मांग है।...(व्यवधान) मैं माननीय मंत्री जी से प्रार्थना करूंगा कि सरकार इस संबंध में निवेदन करे।...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: S/Shri Bhairon Prasad Mishra, Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Kumari Shobha Karandlaje, Rodmal Nagar, Chandrakant Khaire, Alok Sanjar, Rabindra Kumar Jena, Daddan Mishra, Jayshreeben Patel, Darshana Vikram Jardosh, Jagdambika Pal, Arvind Sawant, Bhavana Pundalikrao Gawali, Adhalrao Patil Shivajirao, Shrirang Appa Barne, Rahul Shewale and Dr. Shrikant Eknath Shinde are permitted to associate with the issue raised by Dr. Kirit Somaiya.

श्री शरद त्रिपाठी : अध्यक्ष महोदया, यह बहुत गंभीर मामला है। इस पर माननीय मंत्री जी को जवाब देना चाहिए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आ जाएगा। वैसे कार्यवाही हो गई है।

â€¦(व्यवधान)

कृÂिष और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एस.एस.अहलुवालिया): महोदया, किरीट सोमैया जी ने स्कूलों के स्तर पर राÂष्ट्रीय गान के अपमान का जो विषाय उठाया है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं संबंधित मंत्री जी को इसकी सूचना दूंगा कि वे इस पर जो भी कार्यवाही करें, उस बारे में सदन को जानकारी दें।